कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–1, जनवरी 2014


**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**




कारपोरेट सिद्धांतों पर आधारित होकर तेज गति से आगे बढ़ रही कंपनी, कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत के कोने–कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है, जो मुख्य रूप से आधारभूत ढ़ाँचे और निर्माण क्षेत्र से जुड़े है; जैसे कि टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट और प्लाईवुड आदि।

विगत वर्षों में कामधेनु इस्पात लि0 आधारभूत ढ़ाँचा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी बन गई है और आज यह भारत के सबसे बड़े टीएमटी उत्पादक कंपनियों में से एक है। देश में सर्वाधिक तेजी से विकास करते हुए, कंपनी का पेंट ब्रांड ''कामधेनु पेंट्स'' सजावटी पेंट सेगमेंट में भारत की 5 सबसे बड़ी कंपनियों में से एक बन गया है।

लगातार सफलता की इस स्वर्णिम विरासत का श्रेय कंपनी के सी एम डी, श्री सतीश अग्रवाल को जाता है। श्री सतीश अग्रवाल की लगन भारतीय निर्माण क्षेत्र को वैश्विक मानकों की बराबरी तक पहुँचाने की है। इस दिशा में कंपनी लगातार ही शोध व विकास एवं तकनीकी बेहतरी हेतु निवेश करती रही है। 2013 में अपने प्रीमियम उत्पाद **KAMDHENU SS 10000** के साथ कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक B500C के समकक्ष, बेजोड़ डबल–रिब्स पैटर्न के स्टील सरियों को भारतीय बाज़ार तक मुहैया करवाने वाली पहली कंपनी होने का गौरव प्राप्त किया है। बेहतरीन डबल–रिब्स पैटर्न तथा भूकंपरोधी डिजायन की वजह से **KAMDHENU SS 10000** द्वारा मिलती है डबल मज़बूती और डबल सुरक्षा। कंक्रीट पर 254 प्रतिशत अधिक मज़बूत पकड़ बनाकर **KAMDHENU SS 10000** सबसे मजबूत कंक्रीट और सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधी क्षमता प्रदान करता है।

''हम हमेशा ही अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुये उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं ताकि उपभोक्ताओं को उनके पैसे की पूरी कीमत मिले। हमारे हाथ बाज़ार की नब्ज पर हैं और हम भारतीय निर्माण क्षेत्र में आ रहे बदलावों को बेहतर समझते हैं'' सी एम डी श्री सतीश अग्रवाल ने स्पष्टता से अपनी बात रखते हुये कहा, ''उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी निष्ठा के हमें अच्छे नतीज़े मिले हैं और आज हम देश के अधिकतर बाज़ारों में एक भरोसेमंद नाम और पसंदीदा ब्रांड बन चुके हैं।''

कामधेनु का भरोसा और इसकी मज़बूत ब्रांड पहचान ने कंपनी को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में सफलता से पैर जमाने का अवसर दिया है। थोड़े ही समय में कंपनी का सजावटी पेंट ब्रांड ''कामधेनु पेंट्स'' भारत भर में जाना–माना ब्रांड बन गया है जिसके पास देश भर में 6000 डीलरों का मजबूत नेटवर्क है। उपभोक्ताओं की पसंद और अपेक्षाओं को पूरा करते हुये कामधेनु पेंट्स उत्पादों की विशाल रेंज उपलब्ध करवा रही है, जिसमें शामिल हैं –एक्सटीरियर व इंटीरियर इमल्सन्स, सीमेंट पेंट्स, वाटर बेस्ड प्राइमर्स, एक्लेरिक डिस्टेम्पर्स, सिंथेटिक व जीपी इनामेल, सॉल्वेंट बेस्ड प्राइमर्स, वुड फिनिसेज, एल्मुनियम पेंट्स एवं टेक्सचर्ड व डिजायनर फिनिसेज।

कंपनी के पेंट डिवीजन की सफलता के बारे में जानकारी देते हुये श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''हमारे पेंट उत्पादों की विश्वस्तरीय गुणवत्ता पर हमें फख्र है। देश भर के उपभोक्ताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर और आज के दौर की आवश्यकता को ध्यान में रखकर हमने हाल ही में इको–फ्रेंडली पेंट उत्पादों की बड़ी श्रृंखला पेश की है।''


भविष्य में कंपनी की विकास संभवनाओं के बारे में सी एम डी ने बताया, ''कामधेनु टीएमटी की उच्च ब्रांड पहचान, **KAMDHENU SS 10000** के लिये बाज़ार में सकारात्मक माँग और पेंट व्यावसाय की 20% सालाना विकास दर को देखते हुये कंपनी और इसके एसोसिएट्स की तरक्की सुनिश्चित दिखती है। 2014 के पुनः एक सुख और समृद्धि से भरे वर्ष होने की पूरी आशा है। मैं सभी देशवासियों को नववर्ष की ढ़ेरों शुभकामनायें देता हूँ।''

# जापान के प्रधानमंत्री का भारत दौरा



गणतंत्र दिवस के मौके पर जापान के प्रधानमंत्री श्री शिंज़ो अबे का राष्ट्रीय अतिथि के रूप में भारत आगमन दोनों देशों के बीच बढ़ रहे पारस्परिक संबंध के प्रमाण के रूप में देखा जा सकता है। एशिया के अंदर यहाँ के सबसे बडे लोकतंत्र तथा एशिया के सर्वाधिक धनी लोकतंत्र के बीच की नज़दीकी से विश्व शक्ति संतुलन पर दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना जग रही है। श्री अबे के भारत प्रवास के दौरान दोनों देशों के बीच आर्थिक व व्यावसायिक संबंध को मज़बूती देने के दिशा में कई समझौते हुये। भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों द्वारा दिये गए संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देश स्वतंत्रता, लोकतंत्र एवं कानून सम्मत प्रशासन पर आधारित वैश्विक साझेदारी के लिये कटिबद्ध हैं जिससे कि बदलते रणनीतिक माहौल में शांति व स्थायित्व कायम रहे। चीन का नाम लिये बगैर जारी इस बयान में भी एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव और महत्वाकांक्षा के प्रति एकजुटता की जरूरत के लिये सम्मिलित तैयारी के संकेत स्पष्ट थे। पिछले साल जापान के सम्राट अकिहितो और साम्राज्ञी मिशिको भी भारत का आतिथ्य स्वीकार कर चुके हैं। हाल ही में जापान के रक्षामंत्री भी दिल्ली आए थे। इस परिपेक्ष में जापान के प्रधानमंत्री का यह प्रवास हमारे और जापान के संबंधों को नई मज़बूती देने वाला साबित हुआ है।

# आम आदमी की सत्ता या अराजकता



गणतंत्र दिवस के ठीक पहले राजपथ के निकट वर्तमान दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री का अपने विधायकों के साथ धरने पर बैठने की घटना ने देश भर में बहस छेड़ दी है। जहाँ धरने के समर्थन में तर्क देने वाले इसे वैकल्पिक राजनीति का उदाहरण मान रहे हैं, वहीं इसके विरोधी इसे संवैधानिक पद की प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को आघात पहुँचाने वाली घटना बता रहे हैं। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के ज्वलंत मुद्‌दे की आड़ लेकर चंद पुलिस अधिकारियों पर कारवाई की माँग अधिकांश लोगों को आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा अपने मंत्रियों के अहं को तुष्ट करने वाली हरकत लग रही है। विदेशी मूल की पीड़ित महिलाओं की डाक्टरी जाँच में नशीली दवाओं का न पाया जाना दिल्ली सरकार के एक मंत्री को आरोपों के घेरे में ले आता है। जनता सवाल खड़े कर रही है कि पुलिसिया कारवाई को प्रभावित करने के लिय उग्र भीड़ का प्रदर्शन सही है क्या? दूसरा बड़ा सवालिया निशान दिल्ली सरकार द्वारा धरने के लिये इंडिया गेट का ही चयन कर टकराव बढ़ाने की उनकी मंशा पर भी है। धरने के दौरान मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल की भाषा और तेवर भी लोगों को खटकने वाली प्रतीत हुई। थोड़े धैर्य के साथ राजनैतिक परपंरा में आस्था दिखाकर इस अप्रिय घटना से बचा जाना चाहिये था।




# फिल्मफेयर एवार्ड

2013 के उल्लेखनीय फिल्मों के सम्मान में 59वें फिल्मफेयर पुरस्कार की घोषणा 24 जनवरी 2014 को आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के बीच की गई। कार्यक्रम का संचालन मशहूर फिल्म कलाकार रनबीर कपूर तथा प्रियंका चोपड़ा ने किया। इस पूरे कार्यक्रम का टेलीविजन प्रसारण 26 जनवरी को हुआ। भारतीय सिनेमा जगत से संबंधित पुरस्कार देने की शुरूआत फिल्मफेयर एवार्ड के साथ ही हुई थी और आज दर्जन भर अलग–अलग पुरस्कारों के बीच भी फिल्मफेयर एवार्ड का महत्व और प्रतिष्ठा बरकरार है। फिल्म जगत से जुड़ी हस्तियाँ और दर्शक हर साल दिल थाम कर फिल्मफेयर एवार्ड की घोषणा की प्रतीक्षा करते हैं। 2013 में चार बड़ी हिट देने वाली अभिनेत्री दीपिका पादुकोन को फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' में शानदार अदाकारी के लिये इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री फिल्मफेयर पुरस्कार से नवाजा गया है, वहीं प्रसिद्ध धावक मिल्खा सिंह के किरदार को खूबसूरती से रूपहले पर्दे पर उतारने वाले अभिनेता फरहान अख्तर को बेस्ट एक्टर का एवार्ड दिया गया। बेहतरीन फिल्म का पुरस्कार भी 'भाग मिल्खा भाग' को मिला और साथ ही इसी फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने जीता। फिल्म 'आशिकी 2' को सर्वश्रेष्ठ संगीत का एवार्ड दिया गया वहीं 2013 के आखिरी हफ्ते में रीलीज हुई और जबरदस्त कामयाब रही फिल्म धूम 3 को बेस्ट स्पेशल इफेक्ट के लिये पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष अभिनेत्री तनुजा को लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया।




# हरियाणा में कामधेनु SS 10000 की धूम

भारत के निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में एक, कामधेनु इस्पात लि0 ने अपने नये और बेहतरीन उत्पाद KAMDHENU SS 10000 की देश के निर्माण सामग्री बाज़ार में शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है। सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधी गुणों वाला देश में अपनी तरह का पहला उत्पाद KAMDHENU SS 10000 अपने अनूठे डबल रिब्स, डबल मज़बूती और डबल सुरक्षा के लिये काफी पसंद किया जा रहा है।

हाल ही में कंपनी ने हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में ठेकेदारों की कई बैठकों का आयोजन किया जिससे कि उनके बीच इस उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़े। इन बैठकों का दूसरा उद्देश्य राज्य में इस उत्पाद की लगातार बढ़ रही माँग में और अधिक तेजी लाना भी था।

पहला कांट्रैक्टर्स मीट करनाल ज़िले के होटल सन प्लाज़ा में आयोजित किया गया जिसमें 50 से अधिक ठेकेदारों ने भाग लिया। क्षेत्र के सेल्स प्रोमोटर श्री आनंद गोयल और श्री अमित गोयल के साथ ज़िले के डीलर मेसर्स शिवा ट्रेडिंग कंपनी से श्री सुरेश हिंदुजा भी इसमें शामिल हुये। कंपनी की ओर से श्री अमित सुरोथिया, श्री मनीष शर्मा एवं श्री संतोष सिंह मीट में उपस्थित रहे। KAMDHENU SS 10000 की खूबियों के बारे में बताते हुये श्री अमित सुरोथिया ने कहा, ''डबल रिब्स और दुगुनी मज़बूती वाला KAMDHENU SS 10000 भारत का एकमात्र टीएमटी सरिया है जिसमें इतनी सारी बेहतर गुणवत्ता है।''

दूसरा कांट्रैक्टर्स मीट कुरुक्षेत्र ज़िले के होटल सैफरॉन में आयोजित किया गया, जिसमें श्री अमित सुरोथिया, श्री मनीष शर्मा एवं श्री संतोष सिंह के साथ सेल्स प्रोमोटर श्री अमित गोयल सम्मिलित हुये। 50 से अधिक स्थानीय ठेकेदारों ने कार्यक्रम में उत्साह से भागिदारी की। स्थानीय डीलर मेसर्स महाजन स्टील सेल्स से श्री गौरव महाजन भी मीट में शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान के KAMDHENU SS 10000 के डबल रिब्स की उपयोगिता बताते हुये श्री अमित सुरोथिया ने कहा, ''KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट के साथ दुगुने से भी मजबूत जोड़ बनाता है जिसके परिणाम स्वरूप निर्माण की मज़बूती कई गुणा बढ़ जाती है।''

तीसरा कांट्रैक्टर्स मीट सिरसा ज़िले के ऐलानाबाद शहर में आयोजित हुआ जिसमें 80 से अधिक स्थानीय ठेकेदारों की उपस्थिति रही। कामधेनु इस्पात लि0 के सेल्स प्रोमोटर श्री पंकज गर्ग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कंपनी से श्री अमित सुरोथिया और श्री मनीष शर्मा ने मीट में हिस्सा लिया। ईलाके के डीलर मेसर्स मित्तल आयरन स्टोर्स से श्री मनोज मित्तल, श्री विकास मित्तल एवं श्री लोकेश मित्तल कार्यक्रम में शामिल हुये। ठेकेदारों से भूकंप के बढ़ते खतरों के बारे में बात करते हुये श्री अमित सुरोथिया ने बताया, ''सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से KAMDHENU SS 10000 ईमारतों को भूकंप के बड़े झटकों से भी बेहतरीन सुरक्षा देने में सक्षम है।''

इसी कड़ी में चौथा कांट्रैक्टर्स मीट महेन्द्रगढ़ जिले में होटल सन प्लाज़ा, नारनौल में आयोजित किया गया, जहाँ श्री अमित सुरोथिया एवं श्री संतोष सिंह के साथ सेल्स प्रोमोटर श्री अमित गोयल ने उपस्थित 45 ठेकेदारों से KAMDHENU SS 10000 की बेजोड़ गुणवत्ता के बारे में बातचीत की। स्थानीय डीलर श्री सुदेश कुमार और श्री दिनेश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उत्पाद के निर्माण प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुये श्री अमित सुरोथिया ने बताया, KAMDHENU SS 10000 अंतर्राष्ट्रीय तकनीक का प्रयोग कर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले प्राइम बिलेट से बनाये जाते हैं। इसी कारण यह अपने तरह के अन्य उत्पादों की तुलना में काफी बेहतर हैं।

इन सभी कांट्रैक्टर्स मीट के दौरान उपस्थित ठेकेदारों ने उत्पाद के बारे में उपयोगी सूचना मिलने की खुशी जताई और भविष्य में मज़बूत और भूकंपरोधी ईमारतें बनाने के लिये KAMDHENU SS 10000 का इस्तेमाल करने की इच्छा व्यक्त की।








RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.01.2014



# पटना में डीलर मीट






भारत में टीएमटी सरियों के सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक, कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद देश भर में भरोसा और उच्च गुणवत्ता का पर्याय बन चुके हैं। देश के कोने–कोने में आज कामधेनु उत्पादों की माँग तेजी से बढ़ रही है।

बिहार में तेज गति से हो रहे ढाँचागत विकास और निर्माण कार्य की वज़ह से यह राज्य निर्माण सामग्री के एक बड़े बाज़ार के रूप में उभर रहा है। राज्य भर में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता के कारण राज्य के कामधेनु डीलरों को तेज गति से व्यावसायिक बढ़त का लाभ मिल रहा है। बिहार के बाज़ार में अपनी उपस्थिति को और मज़बूत करने तथा डीलरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कंपनी का मार्केटिंग डिवीजन लगातार डीलरों के साथ बैठकों का आयोजन करता रहता है।

इसी दिशा में हाल में ही राज्य की राजधानी पटना में गोपालगंज, सारण तथा सीवान ज़िले के डीलरों का मीट आयोजित किया गया है। इन ज़िलों के डिस्ट्रीब्यूटर श्री रंजीत सरोगी के अगुआई में आयोजित इस मीट में तीन ज़िलों के सभी डीलर पटना पहुँचे और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लि0 के जी एम मार्केटिंग श्री वाई आर पंडिता के अतिरिक्त लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी दादीजी स्टील्स लि0 के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल तथा असिसटेंट मैनेजर मार्केटिंग, दादीजी स्टील्स लि0, श्री मुकुन्द सहाय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को ईनाम व उपहार दिये गये। इस डीलर मीट में कंपनी के आगामी रणनितियों तथा योजनाओं की जानकारी डीलरों को दी गई। श्री पंडिता ने डीलरों को अधिक से अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिये कंपनी की ओर सभी जरूरी मदद का भरोसा दिलाया।

# डीलरों का सम्मान







बिहार के डेहरी ऑन सोन में हाल ही में एक बड़े डीलर मीट का शानदार आयोजन हुआ। क्षेत्र में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स तिरूपति इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर श्री अनुज गुप्ता की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 70 स्थानीय डीलर शामिल हुये।

कंपनी को अपनी बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने में मिल रही सफलता के मद्देनज़र डीलरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस डीलर मीट में कामधेनु इस्पात लि0 के जी एम मार्केटिंग श्री वाई आर पंडिता व मार्केटिंग अधिकारी श्री विकास रंजन शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान में निर्धारित लक्ष्य पाने में सफल रहे डीलरों को पुरस्कार तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया।





## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री नरेश बंसल
**मैसर्स दुर्गा स्टील वर्क्स**
गोहाना रोड,
पानीपत (हरियाणा)
मो. – 09896040989

श्री पंकज सूद
**मैसर्स देलही स्टोर्स**
बस स्टैण्ड, रोहरू,
शिमला, हिमाचल प्रदेश
मो. – 09816040557

श्री राजेश कुमार
**मैसर्स नन्द लाल एंड सन्स**
मेन बाज़ार, शहतालाई, बिलासपुर,
हिमाचल प्रदेश
मो. – 09418785213

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com